कोटद्वार, गुरूवार
17 जुलाई 2025
वर्ष: 47
अंक: 79 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### काशीपुर में दुकान की चौथी मंजिल में लगी आग

काशीपुर। निगम स्थित मेन बाजार में कॉस्मेटिक दुकान की चौथी मंजिल पर आग लग गई। फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसको फैलने से रोका। नगर निगम बाजार स्थित लकी कार्नर की कॉस्मेटिक की दुकान है। मंगलवार रात दुकान की चौथी मंजिल पर अचानक आग लग गई। वहां धुआं उठता देख लोगों ने फायर स्टेशन में सूचना दी। इसके बाद प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में दो फायर यूनिट मौके पर पहुंची। फायर यूनिट ने जीने के सहारे ऊपर जाकर हाई प्रेशर पंप से आग बुझाना आरंभ किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को दुकान की अन्य तलों में फैलने से रोकते हुए पूर्ण रूप से बुझाया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया कि दुकान में रखा अधिकांश समान जल गया था। नुकसान का आंकलन अभी नहीं किया गया है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। टीम में चालक पंकज कुमार, सुमित पवार, फायरमैन प्रकाश चंद्र, अर्जुन सिंह, बीरबल सिंह, महिला फायरमैन कविता व राधिका रहे।

### द्यौनाई घाटी में गुलदार का आतंक

बागेश्वर। द्योनाई घाटी के दर्जनों गांवों में गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार सुबह–शाम आबादी के आसपास दिख रहा है। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र गुलदार के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। द्योनाई घाटी के द्योनाई, भगरतोला, कोलतुलारी, बंतोली, भतड़िया, नौगांव, भिटारकोट, बिमौला, पचना आदि गांवों में गुलदार का जबरदस्त आतंक हो गया है। गुलदार अब तक दर्जनों पालतू जानवरों को निवाला बना चुका है। सुबह–शाम गुलदार घरों के पास दिख रहा है। जिससे लोग दहशत में हैं। बच्चों का स्कूल जाना, लोगों का बाजार से घर आना–जाना मुश्किल हो रहा है। समाजसेवी डा. किशन राणा, अर्जुन राणा, पूर्व ग्राम प्रधान प्रकाश कोहली, कैलाश बोरा, चंदन बोरा, विनोद कोहली, हरीश राम आदि ने वन विभाग से गांव में नियमित गश्त करने और पिंजरा लगाए जाने की मांग की है। इधर वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह गुसाई ने बताया कि द्योनाई घाटी में गुलदार दिखने की सूचना मिली है। टीम को गांव में गश्त पर भेजा गया है। गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### धर्मनगरी में हुई बारिश में बढ़ायी कांवड़ियों और क्षेत्रवासियों की मुश्किलें


हरिद्वार। शहर में बुधवार को सुबह बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इसके बाद जलभराव होने से स्थानीय लोगों के साथ ही शिवभक्तों को भी परेशानी उठानी पड़ी। पिछले तीन दिनों से घने बादल आ रहे थे लेकिन कुछ देर बाद बिना बरसे ही आसमान साफ हो जा रहा था। लेकिन मंगलवार देर रात और बुधवार को बारिश के बाद शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन बारिश के बाद हुए जलभराव ने शहरवासियों और कांवड़िए दोनों की मुश्किलों को भी बढ़ाया। चंडीघाट चौक से बैरागी कैंप को आने वाली सर्विस लेन पर काफी मात्रा में जलभराव होने के कारण शिवभक्त कांवड़ियों को परेशानी उठानी पड़ी।

### महिला की मौत

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप से मंगलवार को काम पर जाने की कहकर निकली एक महिला बेहोशी की हालत में मिली। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। रात में जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। 37 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी चंदन राजभर सुभाष कॉलोनी थाना ट्रांजिट कैंप में रहती थी। वह मूल रूप से पीलीभीत के माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव गाबिया की रहने वाली थी। वह किच्छा रोड पर स्थित एक बल्ब की दुकान पर काम करती थी। पुलिस के मुताबिक, सुनीता मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे घर से काम पर जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह अपने देवर राकेश कुमार के घर खाना बनाने पहुंची थी। दोनों ने साथ में खिचड़ी बनाकर खाई। राकेश ने पुलिस को बताया कि वह सो गया था और सुनीता कमरे से निकलकर मछली मार्केट की एक दुकान पर गई थी, जहां वह बेहोश हो गई।

## मोदी सरकार ने किसानों को दी बड़ी सौगात

### पीएम धन धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी



नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजनाझ् को मंजूरी दी है। यह योजना वित्त वर्ष 2025–26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक लागू की जाएगी और देश के 100 जिलों को कवर करेगी। 'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषिझ् योजना, नीति आयोग के 'आकांक्षी जिला कार्यक्रमझ् की पहल से प्रेरित है। यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित अपनी तरह की पहली योजना होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण की सुविधा बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक कृषि ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस योजना का क्रियान्वयन 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्य सरकारों की योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी के जरिए किया जाएगा।योजना के लिए कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण जैसे तीन प्रमुख बिंदुओं के आधार पर 100 जिलों की पहचान की जाएगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में जिलों का चयन नेट क्रॉप एरिया और ऑपरेशनल होल्डिंग्स के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिले का चयन होगा। योजना की इफेक्टिव प्लानिंग, इंप्लीमेंटेशन और मॉनिटरिंग के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कमेटी गठित की जाएंगी।

## वायुसेना को मिलेंगे नए फाइटर जेट

नई दिल्ली ,भारतीय फाइटर जेट तेजस मार्क–1ए के निर्माण में अब तेजी आएगी। इस लड़ाकू विमान के लिए अमेरिकी कंपनी ने भारत को जेट इंजन की सप्लाई शुरू कर दी है। स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क–1ए के लिए सोमवार को भारत को जीई–404 इंजन प्राप्त हुआ। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह अमेरिकी कंपनी से मिला दूसरा जेट इंजन है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय विमानन कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) तेजस का निर्माण कर रही है। जानकारी के मुताबिक एचएएल को इस वित्त वर्ष के अंत तक कुल 12 जीई–404 इंजन मिलने हैं। ये सभी इंजन भारतीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क–1ए में लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना ने अपनी फ्लीट के लिए 83 एलसीए मार्क–1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है। दरअसल भारतीय वायुसेना को नए लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। इसके लिए वायुसेना ने स्वदेशी लड़ाकू का विकल्प चुना है। इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में हो रही देरी को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह विभिन्न मौकों पर अपना बात भी रख चुके हैं।

## जागेश्वर धाम देवभूमि उत्तराखंड की पौराणिक सांस्कृतिक विरासत का प्रतीकः सीएम



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार जागेश्वर मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रावणी मेले 2025 के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग करते हुए सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजकों को मेले की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम देवभूमि उत्तराखंड की पौराणिक सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह हमारी लोक आस्था, परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सांस्कृतिक विरासत के पुनरुत्थान का अमृतकाल चल रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक तथा केदारनाथ–बद्रीनाथ धाम के पुनर्निर्माण इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जागेश्वर मास्टर प्लान के प्रथम चरण में 146 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। दूसरे चरण की विकास परियोजनाएं भी स्वीकृत हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद अल्मोड़ा में कोसी नदी के किनारे 40 किमी का साइकिल ट्रैक, शीतलाखेत को ईको टूरिज्म, द्वाराहाट और बिनसर को आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्यरत है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से कम हुई है। पिछले चार वर्ष में 24 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा हेतु सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता और ऑपरेशन कालनेमी जैसे कठोर कदम भी उठाए गए हैं।

## झारखंड के बोकारो में एनकाउंटर, 25 लाख के इनामी समेत दो नक्सली ढेर

### सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद



बोकारो ,झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। यह मुठभेड़ जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र के धनिया के आसपास के जंगलों में लुगु पहाड़ और झुमरा पहाड़ के बीच चल रही है, जिसमें दो नक्सलियों की मौत हो गई, जबकि सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हो गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने लुगु पहाड़ और झुमरा पहाड़ के बीच सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसका पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जवाब दिया। बताया जा रहा है कि बोकारो के जागेश्वर बिहार इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इनमें 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली कुंवर मांझी भी शामिल है। इस अभियान में कोबरा बटालियन का एक जवान भी घायल बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान दोनों पक्षों की ओर से कई राउंड फायरिंग हुई है। गोमिया प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। बता दें कि 4 जुलाई को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों और पुलिस को निशाना बनाने की नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया था। जिले के टोकलो थाना और दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगली–पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान 30 शक्तिशाली आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए थे। सभी आईईडी 2–2 किलोग्राम वजन के थे। इन्हें बम निरोधक दस्ते की मदद से सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। इससे पहले, 1 जुलाई को इसी जिले के टोंटो थाना अंतर्गत हुसिपी और आसपास के जंगल में माओवादी नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए 18 हजार डेटोनेटर बरामद किए गए थे।

## बाजपुर में तेज गति कार ने 8 वर्ष के बच्चे को मारी टक्कर, हुई मौत

काशीपुर। बुधवार को नैनीताल रोड स्थित ग्राम नमूना में तेज रफ्तार कार ने कक्षा दो के 8 वर्षीय छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। बच्चा अपनी बहन से साथ दुकान से चीज लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में ले ली। जबकि चालक फरार हो गया। पुलिस ने अनुसार यूपी के मुरादाबाद के नंदरौली गांव निवासी योगेन्द्र ने अपने 8 वर्ष के बेटे मयंक को बाजपुर के गांव भूढ़ी अपनी सुसराल में पढ़ाई के लिए भेजा था। बुधवार को मयंक अपनी बहन मन्नत और नानी रामा के साथ गांव नमूना स्थित गुरुद्वारे आया था। दोपहर करीब एक बजे वह अपनी बहन के साथ चीज लेने के लिए नमूना हल्द्वानी रोड पार कर रहा था कि सामने से अचानक से तेज गति कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मयंक हवा में करीब 15 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरा। गंभीर रूप से घायल मयंक को लोगों ने तुरंत निजी वाहन से बाजपुर के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि अभी दो दिन पूर्व ही मयंक का एडमिशन कक्षा 2 में कराया गया था। वहीं बताया कि मयंक के पिता योगेंद्र मुरादाबाद स्थित सरकारी अस्पताल में ठेके के अंतर्गत काम करते हैं। बाजपुर कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि हादसे के बाद चालक फरार हो गया।

## चलती बस में दिया बच्चे को जन्म, फिर कपड़े में लपेटकर खिड़की से फेंका बाहर



परभणी ,महाराष्ट्र के परभणी में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ एक 19 वर्षीय महिला ने चलती बस के स्लीपर कोच में एक बच्चे को जन्म दिया और फिर अपने पति के साथ मिलकर नवजात को खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी जोड़े को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे पाथरी–सेलु रोड पर घटी। संत प्रयाग ट्रैवल्स की एक स्लीपर बस में रितिका ढेरे नामक महिला अपने पति होने का दावा करने वाले अल्ताफ शेख के साथ पुणे की ओर जा रही थी। यात्रा के दौरान रितिका को प्रसव पीड़ा शुरू हुई और उसने बस में ही एक बच्चे को जन्म दिया। आरोप है कि जन्म के तुरंत बाद, दंपति ने नवजात शिशु को कपड़े में लपेटा और चलती बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया। बस के ड्राइवर ने अपने शीशे में कुछ बाहर फेंके जाते हुए देखा। जब ड्राइवर ने इस बारे में पूछताछ की, तो शेख ने यह कहकर बात टाल दी कि उसकी पत्नी का जी मचला रहा था और उसने उल्टी की थी।

हालांकि, सड़क पर गश्त कर रही पुलिस टीम की नजर इस घटना पर पड़ गई जब एक नागरिक ने उन्हें सूचित किया कि बस से कपड़े में लिपटी कोई चीज फेंकी गई है। पुलिस ने तुरंत बस का पीछा कर उसे रुकवाया। वाहन की प्रारंभिक जांच के बाद, पुलिस ने महिला और शेख को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ के दौरान, दंपति ने पुलिस को बताया कि वे बच्चे का पालन–पोषण करने में असमर्थ थे, इसलिए उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, ढेरे और शेख दोनों मूल रूप से परभणी के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ साल से पुणे में रह रहे थे। अधिकारी ने यह भी बताया कि दोनों खुद को पति–पत्नी बता रहे हैं, लेकिन वे अपने रिश्ते को साबित करने के लिए कोई भी दस्तावेज या प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## राहुल गांधी ने लखनऊ कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

### 5 मिनट में मिली जमानत



लखनऊ,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय सेना पर अपनी एक टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में मंगलवार को लखनऊकी एमपी–एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि, अदालत ने उन्हें महज 5 मिनट के भीतर ही जमानत दे दी। यह मामला 'भारत जोड़ो यात्राझ् के दौरान दिए गए उनके एक बयान से संबंधित है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा की अदालत ने राहुल गांधी को 20,000 रुपये के दो जमानती बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया। राहुल के वकील प्रांशु अग्रवाल ने जमानत याचिका दायर की, जिसे अदालत ने तुरंत स्वीकार कर लिया। राहुल गांधी दिल्ली से सीधे लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डे पहुंचे और वहां से कोर्ट के लिए रवाना हुए। वह करीब 30 मिनट तक अदालत परिसर में रहे और जमानत मिलने के बाद वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

**क्या है पूरा मामला?**

यह केस बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने 11 फरवरी को दायर किया था। याचिका में कहा गया था कि राहुल गांधी ने 16 दिसंबर, 2022 को 'भारत जोड़ो यात्राझ् के दौरान भारतीय सेना पर टिप्पणी की थी। उन्होंने 9 दिसंबर, 2022 को हुई भारत–चीन सीमा झड़प का जिक्र करते हुए कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय सेना के जवानों को पीट रहे थे।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि राहुल का यह बयान तथ्यों के विपरीत, गुमराह करने वाला और सेना का मनोबल तोड़ने वाला था, जिससे सैनिकों और उनके परिवारों की भावनाओं को ठेस पहुंची।

5 पेशी से गैरहाजिर रहने पर जारी हुआ था समन

इस मामले में पिछली पांच सुनवाइयों में राहुल गांधी के पेश न होने पर अदालत ने उनके खिलाफ समन जारी करते हुए व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। उनके वकील ने पेशी से छूट की मांग की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। इसी आदेश का पालन करते हुए राहुल गांधी आज कोर्ट में पेश हुए।

## पाकिस्तान सीमा पर गरजेगा हवाई टैंक

नई दिल्ली ,भारतीय सेना की मारक क्षमता में इस सप्ताह एक बड़ा इजाफा होने जा रहा है। अमेरिका से बहुप्रतीक्षित अपाचे ॥–64श्व अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप इसी हफ्ते भारत पहुँच रही है। पहली खेप के तहत तीन हेलिकॉप्टर मिलेंगे, जिन्हें रात के अंधेरे में भी दुश्मनों को खोजकर तबाह करने की उनकी काबिलियत के लिए जाना जाता है। सूत्रों के अनुसार, इन 'फ्लाइंग टैंक्सझ् कहे जाने वाले हेलिकॉप्टरों को पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा पर तैनात करने की तैयारी है। हेलिकॉप्टरों की लैंडिंग गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर होगी, जिसके बाद इन्हें सेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा।

भारतीय सेना ने इन हेलिकॉप्टरों के लिए पहले से ही तैयारी पूरी कर ली है। जोधपुर में करीब 15 महीने पहले ही इनके लिए एक अलग बेड़ा तैयार कर लिया गया था।

## प्रशासन की तत्परता से बची यात्रियों की जान



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** बुधवार को टेमरिया के समीप गिवाड़ी गांव के पास एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में 9 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल सक्रियता दिखाई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सुरक्षित रूप से वाहन से बाहर निकालकर त्वरित प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, आपदा प्रबंधन टीम की सजगता और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से एक बड़ी अनहोनी को टाला जा सका।बुधवार को दोपहर लगभग 12:50 बजे एक मैक्स वाहन केदारनाथ से लौटते हुए गुप्तकाशी-ल्वारा मोटर मार्ग के रास्ते रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा था, वह टेमरिया के समीप स्थित गिवाड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक सहित कुल 09 व्यक्ति सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल सक्रियता दिखाई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सुरक्षित रूप से वाहन से बाहर निकालकर त्वरित प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। तत्पश्चात सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में उपचार हेतु भेजा गया है। सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जिला प्रशासन मानसून काल के दृष्टिगत अलर्ट मोड पर है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रशासन पूरी तरह सजग और तैयार है।

## लोक पर्व "हरेला" हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा : महाराज

### — नौलों–धारों के संरक्षण लिए जलागम ने बनाया 'भगीरथ एप




देहरादून। हमारी सरकार उत्तराखण्ड के प्राकृतिक संसाधनों और यहां की हरियाली के संरक्षण के लिए अत्यंत गंभीर है। इसके लिए हर स्तर प्रयास किए जा रहे हैं। जलागम विभाग द्वारा भी केन्द्र पोषित 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलागम घटक 2.0' तथा विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के माध्यम से हरियाली और पानी को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।

उक्त बात प्रदेश के जलागम, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, पंचायतीराज, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण, मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को इंदिरानगर स्थित जलागम निदेशालय परिसर में लोक पर्व हरेला पर वृक्षारोपण करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेला पर्व उत्तराखण्ड की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण लोकपर्व है। यह पर्व प्रकृति और हरियाली के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारी का एहसास करवाता है। हर वर्ष श्रावण मास में मनाया जाने वाला यह लोकपर्व नई फसलों की शुरूआत का प्रतीक है। यह सामाजिक सद्भाव के साथ–साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जलागम एवं संस्कृति मंत्री महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखण्ड के प्राकृतिक संसाधनों और यहां की हरियाली के संरक्षण के लिए अत्यंत गंभीर है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी वनस्पतियों और पेड–पौधों के कारण ही पानी संरक्षित होता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जलागम विभाग द्वारा केन्द्र पोषित 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलागम घटक 2.0' तथा विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के माध्यम से हरियाली और पानी को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जलागम मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जलागम विभाग के अंतर्गत 'स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन एथॉरिटी (सारा) का गठन भी किया गया है। इसके अंतर्गत नौलों और धारों के संरक्षण में सभी प्रदेशवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'भगीरथ एप' बनाया गया है। इसके माध्यम से वह अब तक पाँच हजार से अधिक जलस्रोत चिन्हित किए जा चुके हैं।श्री महाराज ने कहा कि प्रदेश को हरा भरा करने के लिए जलागम और पंचायतीराज विभाग को साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हमारे जलस्रोत पुनर्जीवित हो लोक पर्व हरेला को मनाने का उद्देश्य पूरा हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जीवन में वृक्षों के महत्व को जन–जन तक पहुँचाने के लिए ''एक वृक्ष माँ के नाम जैसे अभियान का शंखनाद किया है जो भावनात्मक रूप से हम सभी को धरती की हरियाली से जोड़ता है। महाराज ने कार्यक्रम के दौरान जलागम द्वारा प्रदेश में किए गये कार्यों पर आधारित पत्रिका ''जलागम दर्पण'' का भी लोकार्पण किया।

# सम्पादकीय

## "प्रतिबंध" आदेशों का मखौल

हाल ही में उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा के दौरान हवाई उड़ान के हादसों के बाद निजी विमान द्वारा यात्रियों को लाने ले जाने पर रोक लगाई गई है। इस रोक के बाद से लगभग सभी उड़ाने बंद है लेकिन बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के शीर्ष पदाधिकारी ही जब नियम कानून को ताक रखकर सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते दिखे तो फिर समझ लेना चाहिए कि नियम और व्यवस्थाएं प्रभाव के अनुसार ताक पर रखी जा सकती हैं। केदारनाथ में वीआईपी उड़ान को नियम ताक पर रखने वाले खुद मंदिर समिति के अध्यक्ष हैं जो निजी विमान विमान में अपने कुछ सहयोगियों को लेकर केदारनाथ में उतरे। केदारनाथ में तक हैरान रह गए कि आखिर प्रतिबंध के बावजूद हेलीकॉप्टर कैसे उतरा, लेकिन जब अपने ही नियुक्त किए गए दायित्वधारी नियम कानून की धज्जियां उड़ाने लगे तो फिर सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है? इस मामले के बाद अब सरकार को भी यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि क्या प्रतिबंध केवल यात्रियों के लिए है या फिर वीआईपी और मंदिर समिति के पदाधिकारी नियमों के अंतर्गत नहीं आते। केदारनाथ में हेली सेवा को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है और ऐसा इसलिए किया है ताकि श्रद्धालुओं के जीवन के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न होने पाए। हेलीकॉप्टर हादसों के बाद तो सरकार उड़ानों को लेकर और अधिक सख्त हो गई और सभी हेलीकॉप्टरों को अगले आदेशों तक विमान के उड़ान पर रोकथाम लगाने के निर्देश जारी कर दिए गए। यह आश्चर्य कर देने वाला ही था कि प्रतिबंध के बावजूद न केवल निजी विमान केदारनाथ में उतरा बल्कि उसमें बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष और उनके कुछ सहयोगी भी सवार नजर आए। इस प्रकरण के बाद यूकाडा ने मामले में प्राइवेट कंपनी को नोटिस जारी किया है। स्पष्ट है कि प्रतिबंध के बावजूद न केवल उड़ान भरी गई बल्कि कंपनी ने एसओपी और मौसम संबंधी नियमों का पालन नहीं किया। इस मामले में अब सरकार की खिंचाई होना तय है क्योंकि यह पूरा प्रकरण साफ दर्शाता है कि प्रदेश में जारी किए जाने वाले दिशा निर्देशों का पालन किस स्तर पर किया जा रहा है? जब आम श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बंद है, तो मंदिर समिति अध्यक्ष के लिए क्या हवाई सेवा में अलग से नियम बनाए गए हैं या फिर जो दिशा निर्देश सरकार की ओर से जारी किए गए उनका अति विशिष्ट लोगों से कोई लेना–देना है भी या नहीं? फिलहाल तो जांच के आदेश दिए गए हैं लेकिन देखना यह है कि क्या इस प्रकरण का कोई परिणाम निकलेगा, क्या हेली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी या फिर उन परिस्थितियों को देखा जाएगा कि प्रतिबंध के बावजूद मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहीं अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हेली कंपनी को विवश तो नहीं किया? क्या हेली सेवा नियम सिर्फ आम जनता पर लागू होते हैं? क्या इस प्रकरण में कोई जवाबदेही तय होगी या फिर मामला समय के साथ फाइलों में बंद हो जाएगा। मुख्यमंत्री को इस दिशा में गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि मामला सिर्फ प्रतिबंध के बावजूद हेलीकॉप्टर उड़ने का नहीं है बल्कि ज्यादा गंभीर बात यह है की दिशा निर्देश जारी किए जाने के बावजूद भी आखिर क्यों राज्य में महत्वपूर्ण आदेशों व निर्देशों की अनदेखी कर व्यवस्थाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भारत की कूटनीतिक जीत

**गिरीश पांडे**

एससीओ और क्वाड के बाद एक बार फिर 6–7 जुलाई 2025 को ब्राजील के रियो डि जिनेरियो में आयोजित दो दिवसीय 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकवादी घटना की गूंज सुनाई दी।

उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिनों के भीतर ये तीनों सम्मेलन आयोजित किए गए और भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के बाद पहली बार इन सम्मेलनों में भाग लिया था।

इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नये सदस्य देशों मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया। ब्राजील ने 1 जनवरी, 2025 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी। इस बार की थीम रही– 'समावेशी और टिकाऊ वैंकि शासन के लिए ग्लोबल साउथ का सहयोग मजबूत करनाइ हालांकि, चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान में पहलगाम की घटना का उल्लेख न होने की वजह से उस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसलिए वह बयान जारी नहीं हो सका, लेकिन क्वाड के विदेश मंत्रियों की अमेरिका में आयोजित बैठक के बाद क्वाड के साझा बयान में पहलगाम साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गई और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलकर काम करें। निश्चित तौर पर एससीओ, क्वाड तथा ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन भारत के लिए जहां कूटनीतिक जीत है, वहीं पाकिस्तान और चीन के लिए एक झटका क्योंकि आतंकवाद के मुद्दे पर ये दोनों देश बेनकाब हुए हैं।

ब्रिक्स देशों के नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ब्रिक्स घोषणा–पत्र में 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। यही नहीं, ब्रिक्स नेताओं ने आतंकवादियों की सीमापार आवाजाही, इसके वित्त–पोषण और सुरक्षित ठिकानों सहित सभी रूपों तथा अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से निपटने के लिए भी अपनी वचनबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के शिकार लोगों और इसे शह देने वालों को एक स्तर पर नहीं रखा जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। मोदी का यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि पहलगाम घटना भारत की आत्मा, पहचान और सम्मान पर घातक हमला था, आगे उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल भारत पर किया गया हमला नहीं था, बल्कि पूरे मानवता पर किया गया प्रहार था।

आतंकवाद की बर्बरता पर जीरो टॉलरेंस की मांग करते हुए उन्होंने सूचित किया कि आतंकवादी संगठनों पर कड़ी पाबंदी लगाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत हमेशा संवाद और राजनीतिक मार्ग द्वारा ही अंतरराष्ट्रीय मसलों के समाधान पर अमल करेगा, जिससे वैंकि शांति बनी रहे। इसके अलावा, मोदी ने ब्रिक्स साझेदार देशों के साथ 'बहुपक्षवाद, आर्थिक–वित्तीय मामलों और ाँआर्टफशियल इंटेलिजेंसइ पर आयोजित संपर्क सत्र में भाग लेते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, बहुध्रुवीय और समावेशी वि व्यवस्था के निर्माण पर बल दिया। जहां तक आतंकवाद का प्रश्न है, अभी तक चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपने वीटो का प्रयोग पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को बचाने के लिए ही किया है। अब जिस प्रकार से एससीओ, क्वाड तथा ब्रिक्स में आतंकवाद को समूल नाश करने की प्रतिबद्धता सदस्य देशों ने व्यक्त की है, देखने की बात होगी कि क्या चीन का भी



इस मसले पर हृदय परिवर्तन होगा? दूसरी ओर ब्रिक्स से अमेरिकी राष्ट्रपति भी एक प्रकार से खौफ खाए हैं।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जब अमेरिका का नाम लिए बिना ईरान पर हुए हालिया हमले और डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ व्यापार शुल्क (टैरिफ) से वैंकि व्यापार पर बुरा असर पड़ने की बात कही और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने नाटो की तरफ से सैन्य खर्च बढ़ाने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शांति की तुलना में युद्ध में निवेश करना हमेशा आसान होता है तो इसे लेकर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भड़क गए। उन्होंने ब्रिक्स देशों को नई चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिका की विरोधी नीति का समर्थन करते हैं तो उन पर 10 फीसद अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि ब्रिक्स शिखर सम्मेमलन का तेजी से बदलते वैंकि घटनाक्रम में अत्यंत महत्त्व है और यह समूह बहुध्रुवीय वि के निर्माण के साथ–साथ ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनता जा रहा है और जिसका भारत बराबर पैरोकार रहा है। इसलिए आने वाले समय में भारत की ब्रिक्स में बढ़ती भूमिका स्वयंसिद्ध है। देखना है, अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में होने वाला ब्रिक्स आगे क्या रूप लेता है?

एससीओ और क्वाड के बाद एक बार फिर 67 जुलाई 2025 को ब्राजील के रियो डि जिनेरियो में आयोजित दो दिवसीय 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलनमें 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकवादी घटना की गूंज सुनाई दी। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिनों के भीतर ये तीनों सम्मेलन आयोजित किए गए और भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के बाद पहली बार इन सम्मेलनों में भाग लिया था।

इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नये सदस्य देशों मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया। ब्राजील ने 1 जनवरी, 2025 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी। इस बार की थीम रही– 'समावेशी और टिकाऊ वैंकि शासन के लिए ग्लोबल साउथ का सहयोग मजबूत करनाइ हालांकि, चीन के किगदाओ शहर में आयोजित एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान में पहलगाम की घटना का उल्लेख न होने की वजह से उस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसलिए वह बयान जारी नहीं हो सका, लेकिन क्वाड के विदेश मंत्रियों की अमेरिका में आयोजित बैठक के बाद क्वाड के साझा बयान में पहलगाम साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गई और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलकर काम करें।

निश्चित तौर पर एससीओ, क्वाड तथा ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन भारत के लिए जहां कूटनीतिक जीत है, वहीं पाकिस्तान और चीन के लिए एक झटका क्योंकि आतंकवाद के मुद्दे पर ये दोनों देश बेनकाब हुए हैं। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ब्रिक्स घोषणा–पत्र में 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। यही नहीं, ब्रिक्स नेताओं ने आतंकवादियों की सीमापार आवाजाही, इसके वित्त–पोषण और सुरक्षित ठिकानों सहित सभी रूपों तथा अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से निपटने के लिए भी अपनी वचनबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के शिकार लोगों और इसे शह देने वालों को एक स्तर पर नहीं रखा जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

मोदी का यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि पहलगाम घटना भारत की आत्मा, पहचान और सम्मान पर घातक हमला था, आगे उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल भारत पर किया गया हमला नहीं था, बल्कि पूरे मानवता पर किया गया प्रहार था। आतंकवाद की बर्बरता पर जीरो टॉलरेंस की मांग करते हुए उन्होंने सूचित किया कि आतंकवादी संगठनों पर कड़ी पाबंदी लगाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत हमेशा संवाद और राजनीतिक मार्ग द्वारा ही अंतरराष्ट्रीय मसलों के समाधान पर अमल करेगा, जिससे वैंकि शांति बनी रहे। इसके अलावा, मोदी ने ब्रिक्स साझेदार देशों के साथ 'बहुपक्षवाद, आर्थिक–वित्तीय मामलों और ाँआर्टफशियल इंटेलिजेंसइ पर आयोजित संपर्क सत्र में भाग लेते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, बहुध्रुवीय और समावेशी वि व्यवस्था के निर्माण पर बल दिया। जहां तक आतंकवाद का प्रश्न है, अभी तक चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपने वीटो का प्रयोग पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को बचाने के लिए ही किया है। अब जिस प्रकार से एससीओ, क्वाड तथा ब्रिक्स में आतंकवाद को समूल नाश करने की प्रतिबद्धता सदस्य देशों ने व्यक्त की है, देखने की बात होगी कि क्या चीन का भी इस मसले पर हृदय परिवर्तन होगा? दूसरी ओर ब्रिक्स से अमेरिकी राष्ट्रपति भी एक प्रकार से खौफ खाए हैं।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जब अमेरिका का नाम लिए बिना ईरान पर हुए हालिया हमले और डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ व्यापार शुल्क (टैरिफ) से वैंकि व्यापार पर बुरा असर पड़ने की बात कही और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने नाटो की तरफ से सैन्य खर्च बढ़ाने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शांति की तुलना में युद्ध में निवेश करना हमेशा आसान होता है तो इसे लेकर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भड़क गए। उन्होंने ब्रिक्स देशों को नई चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिका की विरोधी नीति का समर्थन करते हैं तो उन पर 10 फीसद अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि ब्रिक्स शिखर सम्मेमलन का तेजी से बदलते वैंकि घटनाक्रम में अत्यंत महत्त्व है और यह समूह बहुध्रुवीय वि के निर्माण के साथ–साथ ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनता जा रहा है और जिसका भारत बराबर पैरोकार रहा है। इसलिए आने वाले समय में भारत की ब्रिक्स में बढ़ती भूमिका स्वयंसिद्ध है। देखना है, अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में होने वाला ब्रिक्स आगे क्या रूप लेता है?

# निहाल की गिरफ्तारी राहतकारी

अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया है।

निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13 हजार करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो–दोनों ने अलग–अलग आरोप पत्र दायर किए हैं, और दोनों में ही निहाल मोदी को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में निहाल का भाई नीरव मोदी और उनका रिश्तेदार मेहुल चोकसी भी आरोपी

**बेल्जियम के एंटवर्प में जन्मे, पले–पढ़े तथा अंग्रेजी, गुजराती और हिन्दी में पारंगत निहाल मोदी अपने भाई नीरव मोदी की ओर से अपराध की आय को कथित रूप से वैध बनाने के लिए भारत में वांछित है। निहाल ने भारतीय वित्तीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए फर्जी कंपनियों के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन को छिपाने और स्थानांतरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरसे से दोनों भारतीय एजेंसियां इन दोनों आरोपी भाइयों के साथ ही उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी को तलाश में थी।**

हैं। नीरव लंदन की जेल में बंद है, और भारत में प्रत्यर्पण की कार्यवाही का सामना कर रहा है। मामले में दायर आरोप पत्र के मुताबिक, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के जरिए फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग–एमओयू–जारी करके पंजाब नेशनल बैंक से करीब 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी, जबकि शेष राशि उसके रिश्तेदार ने यही तरीका अपनाते हुए हड़प ली थी। बेल्जियम के एंटवर्प में जन्मे, पले–पढ़े तथा अंग्रेजी, गुजराती और हिन्दी में पारंगत निहाल मोदी अपने भाई नीरव मोदी की ओर से अपराध की आय को कथित रूप से वैध बनाने के लिए भारत में वांछित है। निहाल ने भारतीय वित्तीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए फर्जी कंपनियों के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन को छिपाने और स्थानांतरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरसे से दोनों भारतीय एजेंसियां इन दोनों आरोपी भाइयों के साथ ही उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी को तलाश में थी। इसके लिए भारतीय अधिकारियों ने इंटरपोल ने 'रेड नोटिसइ भी जारी कराया था ताकि आरोपियों को ढूंढने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त किया जा सके। 'रेड नोटिसइ इंटरपोल द्वारा जारी किए जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अनुरोध है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति का पता लगा कर उसे गिरफ्तार करना है ताकि उसके खिलाफ प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या अन्य कानूनी कार्यवाही की जा सके।

## अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में सहायक पायलट की गलती पकड़ में

**अजय दीक्षित**

12 जून 2025 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171 अहमदाबाद से लन्दन 242 लोगों को लेकर जारही फ्लाइट के मात्र 40 सेकंड बाद मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में सहायक पायलट क्लाइव कुंदर की फ्यूल स्विच लीवर में छेड़छाड़ कर बंद करने की बात सामने आई है। संसार की पहली घटना है कि विमान टेक ऑफ के बाद अचानक थ रस्ट खो कर गिर पड़ा था। घटना में जहाज में बैठे 242 यात्री करू मेंबर और जमीन पर रह रहे सहित 272 लोग मारे गए जिसमें मेडिकल कॉलेज के छह चिकित्सक भी शामिल थे। एयर इंडिया, यूएस, ब्रिटेन और ड्रीमलाइनर बोइंग के विशेषज्ञों की संयुक्त जांच दल ने 15 पेज की रिपोर्ट जारी की ।ब्लैक बॉक्स में दोनों पायलटों की बातचीत से यह तथ्य सामने आया है कि क्लाइव कुंदर को पायलट ने फ्यूल स्विच का लीवर गलती से खींच दिया तो सुमीत साबरबाल ने कहा कि उसने फ्यूल स्विच क्यों बंद किया है ।यह सब तकनीकी बाते हैं जिस पर लंबी बहस होगी। दूसरी ओर अमेरिका की बोइंग ने बयान जारी कर कहा कि फ्यूल स्विच अपने आप बंद नहीं हो सकते हैं। चूंकि दोनों पायलट जीवित नहीं हैं इस लिए कोई कुछ बता सकने वाली स्थिति में नहीं है। क्लाइव कुंदर और सुमीत साबरबाल दोनों मुंबई में रहते हैं उनके शवों की शिनाख्ती 19 जून को हो पाई ।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से वरुण धवन की पहली झलक आई सामने, 2 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म

अभिनेता वरुण धवन को पिछली बार फिल्म बेबी जॉन में देखा गया था, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखे। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब वरुण जल्द ही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान शशांक खैतान ने संभाली है, वहीं करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। अब सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से वरुण की पहली झलक सामने आ गई है। पोस्टर में वरुण हाथ जोड़कर हंसते नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने लिखा, सनी संस्कारी की शायरी– ये आंसू हैं मेरे, समुद्र का जल नहीं... ये आंसू हैं मेरे, समुद्र का जल नहीं.... बारिश का क्या भरोसा, आज है.... कल नहीं। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 2 अक्टूबर,



2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना कांताराः चैप्टर 1 से होगा। इस फिल्म में वरुण की जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगी।

## 27 पर ऑलआउट होने के बाद वेस्टइंडीज में मचा हड़कंप, बोर्ड ने बुलाई आपात बैठक

**–कई दिग्गज खिलाड़ियों से भी मांगी मदद**

नईदिल्ली,। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे कम स्कोर (27 रन) पर ऑलआउट होने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट में भूचाल आ गया है. जिसकी वजह से क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक आपात बैठक में दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड और विव रिचर्ड्स को शामिल होने के लिए बुलाया है. ताकि ये तीनों खिलाड़ी खिलाड़ी शिवनारायण चंद्रपॉल, डेसमंड हेन्स और इयान ब्रैडशॉ के साथ क्रिकेट रणनीति और टीम के हालिया बेहद निराशाजनक प्रदर्शन का आकलन करें. वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर न सिर्फ 3–0 से सीरीज में मिली करारी हार मिली, बल्कि हर मैच तीन दिन के अंदर ही खत्म हो गया. सबसे खराब प्रदर्शन तीसरे और आखिरी टेस्ट में आया, जब वे 14.3 ओवर में सिर्फ 27 रन पर ऑलआउट हो गए. जो कि टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे छोटा स्कोर है और 1955 में न्यूजीलैंड द्वारा बनाए गए 26 रन से केवल एक रन ज्यादा था. इसके ये वेस्टइंडीज के पिछले न्यूनतम स्कोर 47 रन से भी काफी कम था.

## सात्विक–चिराग और लक्ष्य सेन ने बनाई प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह, पीवी सिंधु टूर्नामेंट से हुईं बाहर

नई दिल्ली,जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट से भारत के लिए अच्छी और बुरी खबर दोनों आई हैं. इस खबर को सुनने के बाद कुछ बैडमिंटन फैंस खुश है तो कुछ निराश है. दरअसल जापान ओपन से भारत के लिए बुरी खबर पीवी सिंधु का बाहर होना रहा है. तो वहीं अच्छी खबर ये है कि, सात्विक और चिराग ने शानदार जीत दर्ज कर प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. इसके साथ ही चिराग शेट्टी ने भी दूसरे राउंड में अपना स्थान पक्का कर लिया है. भारत के स्टार शटलर सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार को जापान ओपन के मेंस डबल्स में धमाकेदार जीत दर्ज कर प्री–क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी ली है. भारतीय जोड़ी ने लगातार दो सेट जीतकर कोरियाई जोड़ी डोंग–जू और कांग मिन ह्युक को 21–18, 21–10 से हरा दिया और प्री–क्वार्टर





फाइनल में एंट्री कर ली. भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने मेंस सिंगल्स के पहले राउंड में चीनी खिलाड़ी वांग जिनसेंग को हराकर प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. लक्ष्य ने अपना मैच सीधे सेटों में जीत लिया. सेन ने जिनसेंग को 21–11, 21–18 से हरा दिया. लक्ष्य में पूरे मैच के दौरान बेहतरीन खेल दिखाया और अंत में धमाकेदार जीत दर्ज कर ली. भारत की स्टार महिला शटलर और ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु का खराब फॉर्म टोक्यो में भी जारी रहा, यहां आयोजित हो रहे जापान ओपन के पहले राउंड में उन्हें हार मिली और इसके साथ ही उनकी टूर्नामेंट से विदाई हो गई है. सिंधु को कोरिया की शटलर सिम यू–जिन से हार का सामना करना पड़ा. सिम ने लगातार दो सेट जीतकर सिंधु को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया. सिंधु को 15–21, 14–21 से हार मिली. इसके साथ ही महिला डबल्स से रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की जोड़ी बाहर हो गई. लेकिन अब सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी और लक्ष्य सेन से अपने–अपने प्री–क्वार्टर फाइनल के मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की भारतीय फैंस को उम्मीद होगी.

## धड़क 2 का पहला गाना बस एक धड़क का टीज़र रिलीज़



धर्मा प्रोडक्शन्स ने अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म धड़क 2 का पहला गाना बस एक धड़क का टीज़र रिलीज़ कर दिया है। पोस्ट के कैप्शन मेंलिखा गयाः प्यार में पड़ना इतना खूबसूरत पहले कभी नहीं लगा! प्तबसएकधड़क गाना आ रहा है कल। प्तधड़क2 सिनेमाघरों में 1 अगस्त को। जुबिन नौटियाल और श्रेया घोषाल की मधुर आवाज़ों में यह गीत एक भावुक रोमांटिक मेलोडी का वादा करता है, जो फिल्म की इमोशनल टोन कोसेट करता है। टीज़र में सिद्धांत चतुर्वेदी और त्रिप्ती डिमरी की जोड़ी एक गहरे और संवेदनशील माहौल में दिखाई देती है, जिससे यह संकेत मिलता हैकि फिल्म की प्रेम कहानी केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि जटिल और मार्मिक भी है।

शाजिया इक़बाल द्वारा निर्देशित धड़क 2, 2018 की हिट फिल्म धड़क का स्पिरिचुअल सीक्वल है और समीक्षकों द्वारा सराही गई तमिल फिल्मपरीयेरुम पेरुमाल का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन्स, ज़ी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहाहै–जो भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते मल्टी–स्टूडियो सहयोग को दर्शाता है।

## सच्ची घटनाओं से प्रेरित सुपरनैचुरल थ्रिलर वैतरणी का फर्स्ट पोस्टर रिलीज

वैतरणी का पहला पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस सुपरनैचुरल थ्रिलर को निर्देशक अखिल बाबू ने बनाया है और फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी. पोस्टर में रश्मि गौतम, रुद्र प्रदीप, रामाराव जाधव और संतोश नंदिवाडा जैसे कलाकारों को एक रहस्यमयी और डरावने माहौल में दिखाया गया है, जो फिल्म की थीम को और रोमांचक बनाता है. टैगलाइन 'कैमरों ने जो देखा... इस साल आप भी देखेंगेइ् दर्शकों में और भी जिज्ञासा पैदा करती है. फिल्म का निर्माण एआर कांतलक्ष्मी और आर रमेश बाबू ने किया है. पहली झलक से साफ है कि 'वैतरणीइ् एक इंटेंस और रहस्य से भरी कहानी पेश करने वाली है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगी. फिलहाल, निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नही की है, लेकिन सोशल मीडिया पर मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स से लगता है कि यह फिल्म डर और थ्रिल के शौकीनों के लिए खास होने वाली है.

## भारत बनाम इंग्लैंड चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड के स्क्वाड का हुआ ऐलान

**–बशीर की जगह लियाम डॉसन को टीम में किया गया शामिल**

नईदिल्ली, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 2–1 से आगे है. चौथा मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा. उससे पहले इंग्लैंड ने अपने स्क्वाड में बड़ी तबदीली की है. चोटिल स्पिनर शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को टीम में शामिल किया गया है. बता दें कि बशीर लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में के दौरान चोटिल हो गए थे और उनकी उंगली में फ्रैक्चर होने की वजह से वे सीरीज से बाहर हो गए. बशीर को मैच के तीसरे दिन भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में चोट लगी थी, जब रवींद्र जडेजा ने एक जोरदार शॉट सीधे बशीर की तरफ मारा, जिसे पकड़ने की कोशिश में गेंद उनकी उंगली पर लग गई. इसके बावजूद 21 वर्षीय बशीर ने आखिरी दिन ओवर भी फेंका और मोहम्मद सिराज के रूप में मैच का आखिरी विकेट लेकर इंग्लैंड की जीत पक्की कर दी. उनकी जगह अब टीम में शामिल किए गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर ने आखिरी बार जुलाई 2017 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था. उन्होंने अबतक केवल तीन टेस्ट, 6 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं. टेस्ट में उनके नाम 7 वनडे में 5 और टी20 में 11 विकेट हैं. लेकिन वे कई वर्षों से काउंटी क्रिकेट में हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें क्रमशः 2023 और 2024 में प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था. इंग्लैंड क्रिकेट टीम के चीप सिलेक्टर ल्यूक राइट ने



कहा, 'लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं. काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और वे हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.' चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का स्क्वाडः बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स. चौथे टेस्ट के लिए टीम इंडिया का स्क्वाडः शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान, विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

## एक नजर

### गढ़वाली वेशभूषा में जिया व सिया रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़ज्योति सांस्कृतिक कला मंच द्वारा बुधवार को रामलीला मैदान में गढ़वाली वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जिया नेगी और सीनियर वर्ग में सिया बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेविका बबीता पटवाल, विशिष्ट अतिथि रेखा चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में भगत राम न्यू मॉर्डन स्कूल की जिया नेगी ने पहला, गुरुरामराय पब्लिक स्कूल अनुश्री ने दूसरा, सेंट जेम्स स्कूल की अदिति रुडोला ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में भगत राम न्यू मॉर्डन स्कूल की सिया बिष्ट ने पहला, गुरुरामराय पब्लिक स्कूल की सुहानी रावत ने दूसरा व भगत राम न्यू मॉर्डन स्कूल की वैदेही नेगी और विद्या मंदिर तिमली की कृतिका रावत ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ लोकगायक अनिल बिष्ट, विनोद श्रीकोटी, प्रेम बल्लभ पंत ने निभाई। इस मौके पर संस्था के संरक्षक मनोज रावत अंजुल, अध्यक्ष भरत सिंह रावत, सचिव सुदर्शन सिंह नेगी, अंकित नेगी, सुहानी नौटियाल, आयुषी नेगी, प्रीति रावत, अशोक थपलियाल, नीरज आदि मौजूद रहे।

### लोक पर्व हरेला को बनाएं पर्यावरण संरक्षण का आधार: कमिश्नर

हल्द्वानी। हरेला पर्व पर सिटी फॉरेस्ट पार्क में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कुमाऊं कमिश्नर ने लोगों का आह्वान किया कि वह लोक पर्व हरेला को पर्यावरण संरक्षण का आधार बनाएं। हर व्यक्ति को अभियान से जोड़कर हरियाली को बढ़ाएं। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत व विधायक बंशीधर भगत ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारे दायित्व का प्रतीक है। प्रत्येक व्यक्ति को ह्यएक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। यह एक भावनात्मक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक बंशीधर भगत ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरेला हमें प्रकृति से जुड़ने और उसे संरक्षित करने की प्रेरणा देता है। मौके पर सीडीओ अनामिका, एडीएम विवेक राय, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान, एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट समेत कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूली बच्चे और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### डीएसबी की 1180 सीटों में दाखिले को 2360 आवेदन

नैनीताल। डीएसबी परिसर में आज से स्नातक की कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार समर्थ पोर्टल के जरिए परिसर की 1180 सीटों पर दाखिले के लिए 2360 छात्र–छात्राओं ने आवेदन किया है। समर्थ पोर्टल में आए आवेदनों को कॉलेजवार मेरिट बनाकर कॉलेजों को भेजा जा रहा है। जिसके अनुसार इस बार डीएसबी परिसर में दाखिले को 2360 आवेदन किए गए हैं। आज यानी गुरुवार से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बीए की 600, बीएससी बायो वर्ग की 160, गणित वर्ग की 160, बीकॉम आनर्स की 80 सीटों और बीकॉम की 180 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। हालांकि, बीकॉम ऑनर्स विभाग की ओर से बीते मंगलवार को ही पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई थी। जिसकी प्रवेश प्रक्रिया भी आज से शुरू होगी। जबकि, बीकॉम, बीए और बीएससी की मेरिट भी आज जारी होगी और प्रवेश भी शुरू हो जाएंगे। डीएसबी परिसर के छात्र अधिष्ठता कल्याण प्रो़ संजय पंत ने बताया कि सभी विभागों में प्रवेश कमेटियों का गठन किया जा चुका है।

### हल्द्वानी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

हल्द्वानी। हल्द्वानी में बुधवार की शुरुआत झमाझम बारिश से हुई, जिससे मौसम बेहद सुहावना हो गया। बुधवार सुबह से आसमान में घने बादल छाए थे और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। लोग बारिश का आंनद लेते नजर आए। पंतनगर विवि के मौसम विशेषज्ञ डॉ़ आरके सिंह के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार दो दिन जिले के अधिकांश क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश होने के आसार हैं।

# जीएमओयू की बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

## कोटद्वार के नजीबाबाद चौराह के समीप हुई दुर्घटना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नजीबाबाद चौराहे के समीप गढ़वाल मोटर आनर्स यूनियन (जीएमओयू) की बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बस को सीज करते हुए चालक को अपनी हिरासत में ले लिया है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे जीएमओयू की बस सवारियों को लेकर हरिद्वार जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही बस नजीबाबाद रोड राजकीय इंटर कॉलेज के समीप पहुंचे तो बस में चढ़ने का प्रयास कर रहा एक व्यक्ति पिछले टायर की चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस टीम ने व्यक्ति को बाहर निकाला और ऑटो की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया।



कोटद्वार के नजीबाबाद चौराहे में दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व लोग

जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कोटद्वार बालासौड़ निवासी बालकिशन के रूप में हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि व्यक्ति चौराहे में घूम रहा था। जैसे ही उसने बस को देखा वह बस के पीछे दौड़ने लगा और चढ़ते समय घटना हो गई। व्यक्ति बसों में परिचालक के रूप में कार्य करता था। पुलिस ने बताया कि मामले में बस को सीज कर चालक को हिरासत में लिया गया है।

## चित्रकला प्रतियोगिता में जुनैरा व आशुतोष रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : हरेला पर्व पर शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ था। इस दौरान कक्षा नर्सरी से जुनैरा व एलकेजी से आशुतोष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्राचार्य डा. बीबीएस रावत व प्रधानाचर्य वरूण कुमार भदोला ने किया। तत्पश्चात आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत नर्सरी कक्षा से जुनैरा ने पहला, राजन ने दूसरा और राधिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एलकेजी से आशुतोष ने पहला और अन्वी नेगी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। यूकेजी से श्रेयश पहले व यशिका दूसरे स्थान पर रही। पहली कक्षा से हिफजा पहले व सुधांशु दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा दो से प्रियांशु सोफियान व इनायत, कक्षा तीन से आराध्य व प्राची, कक्षा चार से मयंक व अभिजीत, कक्षा पांच से लाइबा व दिव्यांशी कक्षा छह से अलीना व अंशिका नेगी, कक्षा सात से रुकैया व अवनि, कक्षा आठ से आयुष व सोना व कक्षा नौ से शीतल रावत व शिवानी डोबरियाल ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# अश्लील इशारे कर रहे मनचलों की हुई पिटाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत काशीरामपुर तल्ला में युवती व महिलाओं को अश्लील इशारे कर रहे मनचलों की एक युवती ने पिटाई कर दी। माफी मांगने के बाद युवती व स्थानीय लोगों ने मनचलों को छोड़ा। घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

मंगलवार देर सायं को कुछ युवा काशीरामपुर तल्ला में राहचलती महिलाओं व युवतियों को देखकर अश्लील इशारे कर रहे थे। इसी दौरान पास के घर से निकली एक युवती को जब युवकों ने इशारे किए तो युवती हिम्मत दिखाते हुए युवकों की ओर दौड़ पड़ी। युवती को अपनी ओर आते देख मनचले दीवार फांदकर भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन, युवती ने एक मनचले को मौके पर ही दबोच लिया। शोर सुनकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी मौके पर पहुंच गए। युवती ने मनचले की क्लास लगाते हुए उसकी पिटाई की। जब मनचले ने युवती से माफी मांगी तक युवती का गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान मौके पर पहुंचे लोगों ने भी मनचलों की धुनाई की। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही इस तरह की घटनाओं पर क्षेत्रवासियों ने रोष व्यक्त किया। कहा कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में इन तरह के मनचलों की संख्या बढ़ने लगी है। यह मनचले कहां रहते हैं, इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं है। ऐसे में यदि पुलिस ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो मनचले कोई भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़वाने की मांग उठाई।

# भविष्य की सुरक्षा के लिए लगाए एक पौधा : पोरी

## जिले में धूमधाम से मनाया हरेला पर्व, रोपे फलदार, चारापत्ती के पौधें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हरेला पर्व जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। बुधवार को जिला न्यायालय के पास आयोजित कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रजातियों के फलदार, चारापत्ती और शोभायमान पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि हरेला पर्व पर पूरे जिले के लोगों ने जो एकजुटता और पर्यावरण के प्रति प्रेम दिखाया है, वह सराहनीय है। एक पौधा लगाना भविष्य की सुरक्षा करना है। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

एक पेड़ मां के नाम पर थीम पर आयोजित कार्यक्रम में अमृत सरोवरों के किनारे भी विशेष रूप से पौध रोपण किया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि हरेला पर्व हमारे पर्यावरण और संस्कृति से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण अवसर है। पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। बताया कि हर स्थल की जियोटैग युक्त फोटो अपलोड कर अभियान की प्रगति की निगरानी की जा रही है।

इस मौके पर पौध रोपण की देखरेख में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच प्लांटेशन वाचर्स चिंतामणी, सुमनदेवी, संतोष सिंह, अर्चना देवी व सबर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सीडीओ गिरीश गुणवंत, एडीएम अनिल सिंह गर्ब्याल, एसडीएम दीपक रामचंद्र शेट आदि शामिल रहे।

## सीयूईटी को ग्रामीण युवाओं की राह में बताया रूकावट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी ने हेमवतीनंदन बहुगुणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी श्रीनगर प्रशासन से मेरिट के आधार पर ही कॉलेज में प्रवेश देने की मांग की है। कॉलेज के प्रचार्य ने मांग को लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र भी भेजा है। उन्होंने सीयूईटी को ग्रामीण युवाओं की राह में एक रूकावट बताते हुए इसके जल्द समाधान की आवश्यकता भी जताई है।

प्राचार्य डा. जितेंद्र नेगी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश में आ रही परेशानियों को लेकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू) को मांग पत्र सौंपा है। कहा कि सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाएं ग्रामीण छात्रों के लिए कई बार एक बड़ी बाधा बन जाती हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या, आर्थिक सीमाएं और परीक्षा केंद्रों का राज्य से बाहर या अत्यधिक दूर होना जैसी स्थिति में विद्यार्थियों की भागीदारी को सीमित कर रही हैं। ऐसे में बहुत से छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल ही नहीं हो पाते, जिससे वे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। कहा कि विश्वविद्यालय को ऐसी स्थिति में बची हुई सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश की सुविधा देनी चाहिए, जिससे कोई भी छात्र पीछे न रह जाए।

# पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से लोक पर्व हरेला को धूमधाम से मनाया गया। कालेज प्रबंधन, प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं, हरेला पर्व पर फॉरेस्ट पेशनर्स ग्रुप की ओर से पौधा रोपण किया गया। आईएचएमएस कालेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन त्रिपाठी के मार्ग दर्शन में छात्र-छात्राएं तल्ला मोटाढांक स्थित शिवालय मंदिर, नजदीक वन भूमि और आईएचएमएस कालेज के निकवर्ती बीईएल रोड पर पहुंचे। उन्होंने यहां स्वच्छता अभियान चलाया और 110 विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पेड़ पौधे हमें जीवन दयनी



आईएचएमएस संस्थान में पौधा रोपण करते सदस्य

ऑक्सीजन देते हैं, जिससे जीव-जंतु जीवित रहते हैं। लेकिन, वर्तमान में जिस प्रकार पेड़ों को काटने का कार्य किया जा रहा है। जंगलों को काटकर वहां पर कंकरीट के भवन बन रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए चिंताजनक है। पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने के कारण आज प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मी, सर्दी और बारिश पिछले सभी रिकार्ड तोड़ रही है। इसी प्रकार अगर पर्यावरण की उपेक्षा की गई तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता फैलाने की अपील की। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ. अश्विनी शर्मा, एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी नैनिका तिवारी, वन कर्मी सूरज मंणी नैनवाल, संदीप कुमार, रितेश कुमार सहित सभी प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महाविद्यालय परिसर में किया पौधा रोपण

हरेला पर्व पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार परिसर में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार, उप प्रभागीय वनाधिकारी पूजा पयाल, के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। फॉरेस्ट पेंशनर्स ग्रुप के अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि अभियान के दौरान विद्यार्थियों को भी पौधा रोपण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डीएस नेगी, दिनेश घिल्डियाल, अनिल कुकरेती, उमानंद बड़ोला, चंद्र किशोर असवाल, सतीश शर्मा, अशोक नेगी, पीएल खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# जगदेव बाबा मंदिर परिसर में किया पौधा रोपण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार की ओर से भाबर स्थित जगदेव बाबा मंदिर में पौधा रोपण अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत एवं उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला ने संयुक रूप से जगदेव बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात स्वयंसेवी छात्र एवं छात्रों द्वारा शिव स्तुति एवं शिवतांडव स्त्रोत्रम् का वाचन किया। इस मौके पर आचार्य रोहित बलोदी ने स्वयं सेवियों को श्री जगदेव मंदिर परिसर के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि जगद्देव बाबा मंदिर के बारे में पुराणों में बताया है कि यहां पर तपस्वी राजा श्री जगदेव राजा (बाबा) जी ने तपस्या कर इस जगह को पावन किया था। इस मन्दिर




जगदेव बाबा मंदिर में पौधा रोपण करते सदस्य

की विशिष्टता यह है कि दर्शन मात्र से ही भक्तों की समस्त मुराद शीघ्र ही पूर्ण हो जाती है जो बाबा के सच्चे भक्त है वो इस रहस्यमयता को जानते हैं, इसलिए दूर-दूर से भक्तों का तांता यहां प्रतिदिन लगा रहता है। यह मन्दिर कोटद्वार शहर से दूर एकान्त में मध्य हिमालय की पहाड़ियों में स्थित है, यहां की नैसर्गिक दिव्यता और सुंदरता भक्तों का मन मोह लेती है, क्योंकि यहां का सौन्दर्य और अनुपम उद्यान, चन्दन एवं आम्र वृक्षो की सुगन्ध दूर-दूर तक सुगन्धित होती है। बाबा जगदेव ने मां काली के चरणों में अपना शीश अर्पित कर दिया था। इसके पश्चात मंदिर परिसर में स्वयं सेवियों ने बेलपत्री, आंवला, गुड़हल, नीम के वृक्षों का रोपण किया। इसके बाद स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने कण्वऋषि आश्रम के भी दर्शन किए। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्रों में कुमकुम रावत, आशीष रावत, नवीन सिंह, दीप्ति शर्मा और प्रियंका अग्रवाल ने हरेला पर अपने विचार रखें। इस मौके पर आचार्य रोहित बलोदी, राहुल भाटिया, शिवराम बडोला, मोहन सिंह, राकेश चमोली, राजन कुमार, चंद्र प्रकाश, संगीता रावत, मधुबाला नौटियाल, नंदिनी नैथानी, संगीता कुकशाल, प्रेरणा शर्मा, बिनीता बिष्ट एवं चालक मुकेश सुंदरियाल जी उपस्थित रहें।

## कुलेड़ी के ग्रामीण पंचायत चुनाव में करेगें मतदान

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक स्थित डागर ग्राम पंचायत के कुलेड़ी गांव के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव बहिष्कार के फैसले पर उपजिलाधिकारी कार्यालय में लोक निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाई अधिकारियों के साथ बैठक में समस्या पर चर्चा की। अधिकारियों ने तकनीकी कारणों से निर्माण में हुई देरी पर जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का लिखित आश्वासन दिया, जिस पर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लिया। दरअसल, ग्रामीण गांव तक स्वीकृत मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार पर अड़े थे। वर्ष 2016 में सड़क स्वीकृत होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था, जिससे ग्रामीणों को सड़क तक पहुंचने के लिए तीन किमी. पैदल चलना पड़ता है। लोनिवि कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम सभा की सहमति से मार्ग का पुनः परीक्षण एवं संरेखण किया जाएगा।

# निविदा में स्थानीय ठेकेदारों की अनदेखी पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विभागीय कार्यों को लेकर पड़ने वाली निविदा में स्थानीय ठेकेदारों की अनदेखी होने पर पर्वतीय ठेकेदार संघ ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि स्थानीय ठेकेदारों के हित को देखते हुए योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। इस दौरान निविदा को लेकर पूर्व में होने वाली प्रक्रिया को पुनः लागू करने की मांग उठाई गई।

बुधवार को ठकेदार संघ ने समस्या से महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को अवगत करवाया। कहा कि सरकारी विभागों में निविदा प्रक्रिया में स्थानीय ठेकेदारों की अनदेखी की जा रही है। जेम पार्टल व ई-निविदा में बाहरी ठेकेदार व कंपनियां प्रतिभाग कर रही है, जिससे स्थानीय ठेकेदारों को मौका नहीं मिल रहा है। ऐसे में स्थानीय ठेकेदार आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहा कि तीन वर्षों से चली आ रही निविदा प्रक्रिया को पुनः लागू किया जाना चाहिए। कहा कि शासन-प्रशासन को स्थानीय ठेकेदारों के हितों को लेकर गंभीरता से योजना बनानी चाहिए।

महापौर ने ठेकेदारों की समस्या को लेकर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा के साथ ही विभाग के मुख्य महा प्रबंधक से वार्ता की। साथ ही जल्द ही इस संबंध में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मौके पर ठेकेदार संघ के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, अनिल नेगी, महेश चंद्र सेमवाल, नरेंद्र गुसाईं, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हरेला पर्व बना नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम

श्रीनगर गढ़वाल : हरेला पर्व के अवसर पर गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में बुधवार को ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में 100 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों को रोपण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी की भावना का प्रतीक है। उन्होंने वृक्षारोपण को सतत विकास का मूल आधार बताया और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत प्रयास करने की अपील की। कहा कि अभियान के उद्देश्य न केवल परिसर को हराभरा बनाना है, बल्कि छात्रों और कर्मचारियों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना भी है। कहा कि विवि के ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस अभियान के तहत भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में चौरास परिसर के निदेशक प्रो. आरएस नेगी ने हरेला पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि हरेला दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली, कृषि सभ्यता और संस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। कहा कि आज यह त्योहार पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के रूप में नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। (एजेंसी)

## बरसात का पानी लोगों के घरों में न जाएं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग, गढ़वाल मंडल विकास निगम गेस्ट हाउस, पार्किंग व कूड़ा निस्तारण क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि बरसात का पानी लोगों के घरों में नहीं जाना चाहिए और पानी से सड़क भी क्षतिग्रस्त नहीं होनी चाहिए। बुधवार को डीएम ने निरीक्षण के दौरान अफसरों को बताया कि कुछ दिन पहले सभासद गौरव सागर ने सड़क किनारे नाली नहीं होने की वजह से हो रही परेशानियों की शिकायत की थी। उन्होंने सड़क किनारे नाली निर्माण और स्कवरों से मलबा हटाने के निर्देश दिए।

# मालन पुल के आसपास किया पौधा रोपण



मालन पुल के आसपास पौधा रोपण करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रीन आर्मी देवभूमि उत्तराखंड के स्वयं सेवियों की ओर से हरेला पर्व पर पौधा रोपण किया गया। सदस्यों ने मालन पुल के आसपास पौधा रोपण करते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमियों ने मिलकर मालन पुल के आगे सड़क के किनारे विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। जिसमें जकरंदा, केसिया गुलका, फ्यूशिया (डांसिंग डॉल प्लांट), विलायती बहेड़ा, जामुन समेत 35 पौधे शामिल थे। साथ ही सभी स्वयं सेवकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला पेड़ पौधों को रोपकर इस पावन धरा को हरा-भरा बनाने का, समृद्धि, हरियाली, पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति उपासना को समर्पित है। हरेला पर्व प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का पर्व है जो मानव और पर्यावरण के अंतर-संबंधों का अनूठा पर्व है। यह पर्व प्रकृति उन्नति, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना का प्रतीक है। साथ ही यह लोक संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण लोकपर्व है। यह दिन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली समस्त प्रकृति प्रेमियों के परिश्रम एवं एवं उनकी प्रकृति के प्रति संरक्षण के भाव को आभार ज्ञापित करने वाला अवसर है। इस मौके पर प्रणिता कंडवाल, ग्रीन आर्मी देवभूमि के अध्यक्ष शिवम नेगी, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष नेगी, स्वयं सेवक विनय रावत, सत्येंद्र सिंह गुसाईं, सुमित सिंह नेगी एवं अरूण कुमार खंतवाल आदि स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# निष्पक्ष, सक्रिय और जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव

## हरेला पर्व पर स्वीप टीम की पहल पर वृक्षारोपण और मतदाता जागरूकता अभियान का भी हुआ आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : हरेला पर्व के अवसर पर बुधवार को रुद्रप्रयाग जनपद में एक अनूठी पहल देखने को मिली। जनपद के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशानुसार जिले की स्वीप टीम द्वारा हरेला पर्व को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए वृक्षारोपण और शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने उपस्थित युवाओं, ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को मतदाता




जागरूकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि आगामी पंचायत और अन्य चुनावों में हम सभी अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कहा कि निष्पक्ष, सक्रिय और जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जवाड़ी स्थित रतनपुर में हुआ। यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन द्वारा उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन, हरियाली और जागरूकता का प्रतीक है। इस पर्व पर प्रकृति के संरक्षण के साथ यदि हम लोकतंत्र के संरक्षण का भी संकल्प लें, तो यह समाज और राष्ट्र के लिए एक दोहरी उपलब्धि होगी। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में प्रथम बार वोटर बन रहे युवाओं ने हिस्सा लिया। युवाओं को न केवल वृक्षारोपण में भागीदारी का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझते हुए अपने मताधिकार के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। इस अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए विद्यार्थियों ने एक वोट, एक जिम्मेदारी, हरेला हरियाली का नहीं, बदलाव का भी त्योहार जैसे नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत, डिप्टी डायरेक्टर जलागम आर.पी. सिंह, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग नीलम गुलाटी, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग याक्षी अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**सलाहकार अनुबंध के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) के लिए सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ०एस०, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एक सलाहकार अनुबंध के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित की है, ताकि एक व्यापक लॉजिस्टिक्स मार्केट अध्ययन किया जा सके और मुरादाबाद मण्डल में नए लोडिंग/अनलोडिंग टर्मिनलों की पहचान की जा सके ताकि रेलवे की लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाई जा सके। इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे इस परियोजना के संदर्भ के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जाएँ:
**https://docs.google.com/document/d/1znjTbg-Kv7SrgQYh3UyfmzKA8iYAaUKSj09Z5SkWU0g/edit?usp=sharing** योग्य और इच्छुक पक्ष अपने रुचि पत्र को इस कार्यालय में शीघ्र ही प्रस्तुत कर सकते हैं।

पताः कार्यालय वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक – फ्रेट सर्विसेज, उत्तर रेलवे – मुरादाबाद मण्डल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें +919760534973 या ईमेल करें **srdcmfsmb@gmail.com**

ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीखः 06 अगस्त 2025, 15:00 बजे तक।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2152/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, पूजा सामग्री कीओस्क ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु **ई–बोलियाँ website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक **31.07.2025** को आमंत्रित की गयी है।

इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

2148/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने खराब मौसम के बाद भी केदारनाथ में हेली उड़ान पर उठाए सवाल

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चारधाम यात्रा के दौरान लगातार हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को देखते हुए भारत सरकार के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बरसात के मौसम में हवाई सेवाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम की यात्रा कर न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि एक बार फिर वीआईपी संस्कृति को खुला समर्थन दिया है। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में पार्टी प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि जब आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए उड़ानों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है, तो बीकेटीसी अध्यक्ष को यह विशेष छूट कैसे और क्यों दी गई? यह सीधा–सीधा एक देश, दो नियम की स्थिति को दर्शाता है और सरकारी नियमों के प्रति असम्मान का उदाहरण है। उन्होंने बीकेटीसी अध्यक्ष की इस यात्रा को गैर–जिम्मेदाराना और नियम–विरोधी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यूकाडा और डीजीसीए को स्पष्ट करना चाहिए कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उड़ान की अनुमति किसी आधार पर दी गई। गरिमा ने कहा कि यह प्रकरण केवल एक हेलीकॉप्टर उड़ान का नहीं, बल्कि सत्ता और पद के दुरुपयोग का प्रतीक है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उधर, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अनुमति क्यों और किस आधार पर दी गई, कांग्रेस को यह जवाब यूकाडा या डीजीसीए से मांगना चाहिए। वह इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे।

### विद्यालयों में गीता के विरोध पर बाल आयोग चिंतित

देहरादून। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ.गीता खन्ना ने विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को गीता के श्लोक पढ़ाने को लेकर उत्पन्न विवाद को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गीता के श्लोक केवल धार्मिक वाचन नहीं हैं, बल्कि वे जीवन–दर्शन हैं। यह जीवन कौशल सिखाने का प्रभावशाली माध्यम है, जो बच्चों में आत्मविवेक, आत्मनियंत्रण और नैतिक मूल्यों का विकास करता है। इसे किसी एक धर्म से जोड़ना या इसका विरोध करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हम आज भी उसी शिक्षा सोच के प्रभाव में हैं, जिसने हमारी संस्कृति और शिक्षा व्यवस्था को खंडित कर हमारी जड़ों को काट दिया। इसका परिणाम यह है कि हमारे बच्चे डिप्रेशन, एंजायटी, नशे की लत और साइबर अपराध जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। जबकि हम एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़कर गीता के माध्यम से बच्चों को सही जीवन–दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। इसे धार्मिक कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। यूरोप, अमेरिका और अन्य कई देश ने गीता को जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

### एमडीडीए ने पौधरोपण कर मनाया हरेला पर्व

देहरादून। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से बुधवार को हरेला पर्व के उपलक्ष्य में डिफेंस कालोनी स्थित निर्माणाधीन गौरा देवी पार्क और निर्माणाधीन आढ़त बाजार परिसर में पौधरोपण किया गया। दोनों जगह पहले दिन जामुन, नीम, आंवला, कटहल समेत विभिन्न प्रजाति के पांच सौ से अधिक पौधे रोपे गए। उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि हरेला पर्व केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी पर्यावरणीय जिम्मेदारियों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, मुख्य अभियंता एचसीएस राणा और अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

### सीआईएमएस कॉलेज में हरेला पर लिया प्रकृति संवारने का संकल्प

देहरादून। सीआईएमएस कॉलेज कुआंवाला में बुधवार को हरेला पर आओ प्रकृति संवारे हरेला उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तराखण्ड प्रांत, सजग इंडिया एवं सीआईएमएस कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जेएमएस राणा, प्रो. अनीता रावत, राजीव नयन पांडे, इन्द्रपाल सिंह परमार, मनोज रयाल विशिष्ट ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं सजग इंडिया के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने हरेला के सांस्कृतिक पक्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज के युग में प्रकृति से जुड़ाव और हरियाली का संरक्षण समय की आवश्यकता है।

# हरेला पर्व पर रोपे पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प




### जयहरीखाल, थलीसैंण महाविद्यालय और नगर पंचायत में रोपे विभिन्न प्रजाति के पौधे

जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन/थलीसैंण : भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण, नगर पंचायत थलीसैंण में बुधवार को हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्राध्यापकों एवं छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रोफेसर एस.पी. माधवाल ने हरेला पर्व की शुभकामना देते हुए पर्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व एवं ह्लहरेला का त्योहार मनाओं, धरती माँ का ऋण चुकाओंह्व थीम के तहत एनएसएस वाटिका, भक्त दर्शन वाटिका सहित महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपे गये। इस अवसर पर डॉ. अजय रावत, सतीश पोखरियाल, राजीव रजवार, विमल रावत, अनिल, रूप सिंह, अजय, हंस फाउंडेशन से श्रीमती रेखा देवी व श्रीमती सुनीता देवी मौजूद रही। उधर, नगर पंचायत थलीसैंण अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी की अध्यक्षता में हरेला पर्व पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत, वन विभाग, तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधे रोपे। कार्यक्रम में सभासद साक्षी देवी, दीपा देवी, दीपक रावत, सुरेन्द्र सिंह रावत, मनोज नेगी, अमिता देवी आदि मौजूद थे। वहीं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हरेला पर्व पर महाविद्यालय परिसर में ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व एवं ह्लहरेला का त्योहार मनाओं, धरती माँ का ऋण चुकाओंह्व थीम के अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण का संतुलन करता है। कहा कि हरेला पर्व हमें एकजुट होकर प्रकृति की रक्षा का संदेश देता है। साथ ही इस पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक रावत ने कहा कि सभी को पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेना होगा।

## छात्रों ने ली रोपित पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी

लैंसडौन : हर वर्ष की तरह आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष का थीम मेरा पेड़ मेरा दोस्त के अन्तर्गत विद्यालय के प्रार्थना सभा में कक्षा दसवीं की छात्रा ने हरेला पर्व के विषय की जानकारी दी।

बुधवार को हरेला पर्व के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने जामुन, माल्टा, बांज, आंवला, देवदार, मोरपंख आदि के



लगभग 30 पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि पर्व का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ना एवं उनके हृदय में प्रकृति के प्रति प्यार व संवेदना उत्पन्न करना है।

विद्यार्थियों ने भी इस मुहिम से जुड़कर अपने आस पास बढ़-चढ़ कर वृक्षारोपण किया। साथ ही सभी ने रोपित पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का निर्णय लिया है।

## हरेला पर्व पर डांगी और नांव गांव में रोपे पौधे

पौड़ी : उत्तराखंड की प्रकृति एवं संस्कृति के समन्वयक हरेला पर्व के शुभ अवसर पर गढ़वाल राजा के सेनापति वीर पुरिया नैथानी की पैतृक जन्म स्थली मूसा की नांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी एवं वन सिविल सोयम सतपुली प्रभाग के सहयोग से पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी जगमोहन डांगी, डिप्टी रेंजर मदन सिंह, वन दरोगा मनोज उनियाल, वन कर्मी प्रदीप पाल, राजस्व उप निरीक्षक दौलत सिंह नेगी, राकेश बिष्ट, प्रीति बिष्ट, वन पंचायत सरपंच संतोष नैथानी, पूर्व प्रधान सुदामा प्रसाद नैथानी, फायर वाचक विकास कुमार आदि ने पौधे रोपे।




वहीं ग्राम पंचायत डांगी में भी पूर्व प्रधान भगवान सिंह चौहान की अध्यक्षता में महिलाओं ने हरेला पर्व पर पंचायत भवन पितृ स्थली प्राकृतिक स्त्रोतों में माँ के नाम एक एक पेड़ लगाया है। इस अवसर पर महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती नीतू लिंगवाल, धीरज सिंह चौहान, संतोष कुमार, कांता देवी, पुष्पा देवी, कांति देवी, वृंदा रावत, अंकित नेगी आदि मौजूद थे।

# निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से दायित्वों का निर्वहन करें : डीएम

### अगस्त्यमुनि में 684 मतदान कार्मिकों को दिया गया निर्वाचन प्रशिक्षण, प्रशासन तैयार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अगस्त्यमुनि स्थित क्रीड़ा हॉल में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन स्वयं उपस्थित होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 684 मतदान कार्मिकों को दो शिफ्टों में निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।इस दौरान मास्टर ट्रेनर लोकेन्द्र बिष्ट एवं सहायक मास्टर ट्रेनर मनोज बिष्ट द्वारा मत पेटी संचालन, मतदाता पर्ची प्रबंधन, टेंडर वोट, अभिकर्ता नियुक्ति, मतदान प्रक्रिया, पोलिंग बूथ की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कार्मिकों के सवालों का समाधान भी किया गया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने प्रशिक्षण में शामिल सभी अधिकारियों को



संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा है, जिसे गंभीरता, पारदर्शिता व ईमानदारी से संपन्न करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें एवं अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे प्रत्येक कार्मिक का ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे सुचारू रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। जिलाधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों से भोजन व्यवस्था की भी जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण एवं पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनपद के सभी मतदान केंद्रों में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम हेतु आवश्यक कार्यवाही सुचारू रूप से गतिमान है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रलाद कोंडे, खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट तथा जिला पूर्ति अधिकारी के.एस कोहली उपस्थित रहे।

### बेरोजगार अभ्यर्थियों की नियुक्ति को हरसंभव प्रयास करेगी कांग्रेस: माहरा

देहरादून। पिछले कई महीनों से अपनी नियुक्ति के लिए दर–दर भटक रहे एलटी चयनित अभ्यर्थियों को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया है। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना आंदोलनरत अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे और आश्वासन दिया कि वे उनकी नियुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि यूके ट्रिपल एससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद पिछले छह महीनों से राज्य के शिक्षित 1352 अभ्यर्थी अपना नियुक्ति पत्र लेने के लिए दर–दर की ठोकर खा रहे हैं। सरकार और सरकारी सिस्टम उनकी समस्या के समाधान प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है। जिसके कारण बरसात के मौसम में भी खुले असमान के नीचे भीगते हुए चयनित अभ्यर्थियों को धरना देना पड़ रहा है। माहरा ने कहा कि वे उनकी समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे व आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री व राज्यपाल से भी मिलकर इस समस्या का समाधान करवाएंगे। उपाध्यक्ष धस्माना ने आश्वस्त किया कि प्रदेश कांग्रेस उनके एक सूत्री मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन और न्यायालय हर जगह पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़ी है।

## कर्नल कोठियाल दायित्वधारी के रूप में सरकारी सुविधाएं नहीं लेंगे

देहरादून। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल सरकारी सुविधाएं नहीं लेंगे। इस बाबत उन्होंने सैनिक कल्याण निदेशालय को पत्र भेजा है। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। सरकार ने लगभग ढ़ाई माह पहले कर्नल कोठियाल को दायित्वधारी का जिम्मा देते हुए पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद में अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। एक दायित्वधारी पर एक वर्ष में लगभग 26 लाख का खर्च आता है।

इसमें 45,000 रुपये मानदेय, 40,000 यात्रा भत्ता, 25,000 आवास और कार्यालय, 27,000 कार्मिकों का मानदेय, 2000 रुपये टेलीफोन और 80,000 वाहन के लिए दिया जाता है। उन्होंने खुद की सुविधाओं पर होने वाले सरकारी खर्चे को पूर्व सैनिकों के कल्याण में लगाने का सुझाव दिया है। पत्र में कर्नल कोठियाल ने कहा है कि वे सुविधाओं के लिए नहीं बल्कि समाज सेवा के भाव से राजनीति में हैं। उन्होंने परिषद के कार्यों और पूर्व सैनिकों और की समस्याओं के त्वरित निदान को निदेशालय परिसर में ही एक दफ्तर स्थापित करने का भी सुझाव दिया है, ताकि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके। राज्य गठन के बाद कर्नल कोठियाल इकलौते ऐसे दायित्वधारी हैं जिन्होंने सरकारी सुविधाओं को छोड़ने का फैसला लिया है। कोठियाल ने निदेशालय को पत्र भेजे जाने की पुष्टि की है। कहा कि छह जुलाई को उन्होंने यह पत्र भेजा है।

उन्होंने कहा कि फौज से मिलने वाली पेंशन के साथ ही उन्हें कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र विजेता के तौर पर भी धनराशि मिलती है जो उनकी व्यक्तिगत जरूरतों की पूर्ति के लिए पर्याप्त है, इसलिए सरकारी सुविधाएं छोड़ने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने उन्हें पूर्व सैनिकों के हित में काम करने की जो जिम्मेदारी दी है, उसे वे पूरी प्रतिबद्धता से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप में सैन्य धाम की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए वे काम करते रहेंगे।

## वरिष्ठता में नहीं जुड़ेगा प्रभारी सेवा वाला समय

देहरादून। जल संस्थान में बतौर प्रभारी अधिशासी अभियंता का जिम्मा देखने वालों सहायक अभियंताओं को प्रभारी वाले समय का लाभ वरिष्ठता में नहीं मिलेगा। इसके कारण अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति का मसला फिर उलझ गया है। शासन ने दो टूक साफ कर दिया है कि प्रभारी वाली सेवा का समय वरिष्ठता में नहीं जुड़ेगा। जल संस्थान में नियम, मानक पूरे न होने के कारण अधीक्षण अभियंता के सभी 12 पद खाली हैं। एक भी स्थायी अधीक्षण अभियंता न होने के कारण महाप्रबंधक के भी पांचों पद खाली हैं। अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति के जो अधिशासी अभियंता मानक पूरे कर रहे हैं, वे वरिष्ठता में नहीं आ रहे हैं। जो वरिष्ठता में ऊपर हैं, वे मानक पूरे नहीं कर पा रहे हैं। यहां तक की पदोन्नति में शिथिलता का लाभ देने के बाद भी पदोन्नति के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे अधिशासी अभियंताओं को पदोन्नति का लाभ देने को जल संस्थान मैनेजमेंट ने सहायक अभियंताओं की बतौर प्रभारी अधिशासी अभियंता संभाली गई जिम्मेदारी को भी वरिष्ठता में जोड़े जाने का प्रस्ताव रखा है। शासन स्तर से स्पष्ट कर दिया गया है कि कार्मिक विभाग का ऐसा कोई नियम नहीं है।

### यूटीयू कुलपति डॉ.यादव को हटाने पर छात्र संघ ने बताई अपनी जीत

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति पद से डॉ.ओमकार यादव को हटाने के सरकार के निर्णय का डीएवी छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि आखिरकार छात्रों का छह माह लम्बा संघर्ष रंग लाया। राज्यपाल ने बुधवार को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओमकार यादव की जगह फरीदाबाद स्थित राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की नई कुलपति नियुक्त कर दिया। छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने इसे सम्पूर्ण संघर्षरत छात्र शक्ति की जीत बताते हुए संघर्ष में साथ देने वाली सभी संस्थाओं को छात्रों का आभार जताया है।

## पूर्ति विभाग 72 वर्षीय बुजुर्ग सरस्वती को राशन देने में कर रहा था आनाकानी; फिर शुरू हुआ डीएम का एक्शन

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल के सम्मुख 15 जुलाई को अजबपुर निवासी एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरस्वती देवी ने अपनी गुहार लगाई कि पूर्ति विभाग उनका राशन देने में आनाकानी कर रहा है। बुजुर्ग सरस्वती ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके 3 पुत्र हैं जो सभी अपने–अपने परिवार संग अलग–अलग रहते हैं। वह अपना गुजारा अपनी विधवा पेंशन से चलाती हैं। उन्होंने डीएम को बताया कि राशन डीलर पूर्ति विभाग की सूची में नाम न होने का कारण बताकर राशन नहीं दे रहा है, जबकि पूर्व में उसे राशन मिलता था। उसने डीएम से राशन दिलाने की गुहार लगाई। जिस पर डीएम ने पूर्ति अधिकारी को तलब करते हुए तत्काल वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा महिला को राशन दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी तक मामला पहुंचते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी/कार्मिकों के हाथ पांव फूल गए, कलेक्टेज्ट की कलम चलने से पहले ही पूर्ति विभाग के



अधिकारी/कार्मिक दौड़े–दौड़े बुजुर्ग महिला तक पहुंचे तथा बजुर्ग महिला का राशन कार्ड बहाल करते हुए उसी दिन 15 जुलाई को ही उनके कोटे का खाद्यान्न दिलाया। वहीं डीएम की सख्त चेतावनी है कि बुजुर्ग, महिला, बच्चों, असहाय का शोषण तिरस्कार होगा दण्डनीय है, इस प्रकार के मामले क्षम्य नही होंगे।

जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में प्रतिदिन जनमानस की समस्याएं सुनते हैं तथा उनका निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हैं।

# हरेला पर्व पर मुख्यमंत्री ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा

### प्रदेश में हरेला का त्योहार मनाओ, धरती माँ का ऋण चुकाओ थीम पर किया गया पौधारोपण

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के पावन अवसर पर गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज परिसर, देहरादून में हरेला का त्योहार मनाओ, धरती माँ का ऋण चुकाओह्व थीम पर आयोजित राज्यव्यापी पौधा रोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं और




उसकी देखभाल करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संस्कृति, प्रकृति और चेतना से जुड़ा एक गहरा भाव है, जो हमें पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि हरेला पर्व के दिन लगभग 5 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के प्रत्येक डिवीजन में 50 प्रतिशत फलदार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। कहा कि इस महाभियान में सरकार द्वारा जनसहभागिता, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं, महिला समूहों और पंचायतों का सहयोग लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी' का गठन किया गया है। इसके माध्यम से अब तक 6,500 से अधिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है और वाहनों में कूड़ेदान अनिवार्य कर दिया गया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक श्रीमती सविता कपूर, खजान दास, देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**पेड़ बनना ही पौधा रोपण की सच्ची सफलता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए, जब तक वे वृक्ष का रूप न ले लें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध राज्य है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

### एटीएस फुटहिल कालोनी में पौधरोपण कर मनाया हरेला पर्व

देहरादून। सहस्त्रधारा रोड स्थित एटीएस फुटहिल कालोनी रेजीडेंट्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से बुधवार को हरेला पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने शहरवासियों से दून को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान अजय सिंह, मनीशा वर्मा, शिप्रा अवस्थी, पीसी वर्मा, मोनीका सिंह, दीपशिखा, विजेंदर सिंह, संजय चौधरी, शैलेश तिवारी, मनीशा त्रिवेदी, सीमा गुलाटी, अंजनी सिंह, विधि सिंह, हिमाली पेटवाल, जय सिंह हटवाल, हेमंत गौड़ और कालोनी के बच्चे शामिल रहे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com